# कार्यालय- जिला सूचना अधिकारी-फतेहपुर

दिनांक 09/05/2026

समाचार पत्र का नाम ....दैनिक जागरण

## अमौली व हथगाम में जांची जमीनी हकीकत

**जासं, फतेहपुर :** जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं के स्थलीय निरीक्षण और मूल्यांकन का कार्य दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रो. राजेन्द्र सिंह विश्वविद्यालय प्रयागराज की विशेषज्ञ टीम ने विकास खंड अमौली के उदुपुर व हथगाम ब्लाक के अजतुपुर, सराय इदरीस, लाडलेपुर गांवों का दौरा कर योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। टीम ने प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों और घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद कर सर्वेक्षण किया। डा. अशोक मौर्या के नेतृत्व में मुकेश कुमार कन्नौजिया, अभिजात सिंह, अभिजीत तिवारी, सौरभ सिंह टीम ने जल टंकियों, पाइपलाइन नेटवर्क और जल गुणवत्ता की तकनीकी जांच की।

दैनिक आज की चौपाल

## जल जीवन मिशन से बदली गांवों की तस्वीर, महिलाओं को मिली राहत

चौपाल संवाद

फतेहपुर। जनपद में संचालित जल जीवन मिशन योजनाओं का प्रभाव अब गांवों में साफ दिखाई देने लगा है। शुक्रवार को मिशन के प्रभाव मूल्यांकन के दूसरे दिन प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज की विशेषज्ञ टीम ने अमौली, हथगांव और ऐराया ब्लॉक के कई गांवों में पहुंचकर योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। टीम ने अमौली ब्लॉक के उदुपुर, हथगांव के अजतुपुर तथा ऐराया ब्लॉक के सराय इदरीस व लाडलेपुर गांवों में घर–घर जाकर ग्रामीणों से बातचीत की। प्राथमिक



विद्यालयों और पंचायत भवनों में भी पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पहले पानी के लिए दूर–दराज लगे हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब घरों तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचने से काफी राहत मिली है। महिलाओं का समय और श्रम दोनों बच रहा है। विशेषज्ञ टीम ने यह भी पाया कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से हैजा, टाइफाइड जैसी जलजनित बीमारियों में कमी आई है। विशेषज्ञों ने गांवों में बनी पानी की टंकियों, पाइपलाइन नेटवर्क और जल गुणवत्ता की तकनीकी जांच भी की। डॉ. अशोक मौर्या के नेतृत्व में टीम ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों तथा ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर योजनाओं के रखरखाव और दीर्घकालिक संचालन पर चर्चा की। मूल्यांकन टीम में डॉ. अशोक मौर्या, मुकेश कुमार कन्नौजिया, अभिजात सिंह, अभिजीत तिवारी और सौरभ सिंह शामिल रहे। इस दौरान जिला समन्वयक राजमुनि यादव, सहायक अभियंता आशीष कुशवाहा, अवर अभियंता उज्ज्वल कुमार, माबरजा, मोहित कुमार, आईएसए कोऑर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चंदेल, प्रोजेक्ट मैनेजर मो. सऊद सिद्दीकी समेत ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय- जिला सूचना अधिकारी-फतेहपुर

दिनांक 09/05/2026

समाचार पत्र का नाम दैनिक दोआबा सम्राट

दैनिक भास्कर

## जल जीवन मिशन से बदली गांवों की तस्वीर, महिलाओं को मिली राहत

(दोआबा सम्राट) फतेहपुर। जनपद में संचालित जल जीवन मिशन योजनाओं का प्रभाव अब गांवों में साफ दिखाई देने लगा है। शुक्रवार को मिशन के प्रभाव मूल्यांकन के दूसरे दिन प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज की विशेषज्ञ टीम ने अमौली, हथगांव और ऐराया ब्लॉक के कई गांवों में पहुंचकर योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। टीम ने अमौली ब्लॉक के उदुपुर, हथगांव के अजतपुर तथा ऐराया ब्लॉक के सराय इदरीस व लाडलेपुर गांवों में घर-घर जाकर ग्रामीणों से बातचीत की। प्राथमिक विद्यालयों और पंचायत भवनों में भी पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पहले पानी के लिए दूर-दराज लगे हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब घरों तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचने से काफी राहत मिली है। महिलाओं का समय और श्रम दोनों बच रहा है। विशेषज्ञ टीम ने यह भी पाया कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से हैजा, टाइफाइड जैसी जलजनित बीमारियों में कमी आई है। विशेषज्ञों ने गांवों में बनी पानी की टंकियों, पाइपलाइन नेटवर्क और जल गुणवत्ता की तकनीकी जांच भी की। डॉ. अशोक मौर्या के नेतृत्व में टीम ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों तथा ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर योजनाओं के रखरखाव और दीर्घकालिक संचालन पर चर्चा की। मूल्यांकन टीम में डॉ. अशोक मौर्या, मुकेश कुमार कन्नौजिया, अभिजात सिंह, अभिजीत तिवारी और सौरभ सिंह शामिल रहे। इस दौरान जिला समन्वयक राजमुनि यादव, सहायक अभियंता आशीष कुशवाहा, अवर अभियंता उज्ज्वल कुमार, माबरजा, मोहित कुमार, आईएसए कोऑर्डिनेटर शिवबहादुर सिंह चंदेल, प्रोजेक्ट मैनेजर मो. सऊद सिद्दीकी समेत ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## जल जीवन मिशन टीम ने किया घर-घर सर्वेक्षण

फतेहपुर। प्रो. राजेंद्र सिंह उर्फ रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज से आयी जल जीवन मिशन की विशेषज्ञ टीम ने जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं का स्थल निरीक्षण करने के साथ मूल्यांकन भी किया। ब्लाक अमौली की ग्राम पंचायत कदूपुर, ब्लाक ऐरायां की ग्राम पंचायत सराय इदरीश और लाडलेपुर में प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन तथा घर-घर जाकर लोगों से संवाद करते हुए सर्वेक्षण किया। टीम सदस्यों ने पाइपलाइन वितरण नेटवर्क और जल की शुद्धता के मानकों की तकनीकी समीक्षा की। डॉ. अशोक मौर्य के नेतृत्व में टीम में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों और ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर, योजना को और सुदृढ़ करने की बात कही। मूल्यांकन टीम में मुकेश कुमार कनौजिया, अभिजात सिंह, अभिजीत तिवारी, सौरभ सिंह, जिला समन्वयक राज मुनि यादव, शिव बहादुर चंदेल मौजूद रहे।

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय- जिला सूचना अधिकारी-फतेहपुर

समाचार पत्र का नाम दैनिक प्रभात न्यूज                    दिनांक 09/05/202

## जल जीवन मिशन के प्रभाव मूल्यांकन का दूसरा दिन

### - अमौली और हथगाँव में जाँची गई योजनाओं की जमीनी हकीकत

फतेहपुर (प्रभात न्यूज)। जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं के स्थलीय निरीक्षण और प्रभाव मूल्यांकन का कार्य निरंतर जारी है। प्रो राजेन्द्र



सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की विशेषज्ञ टीम द्वारा आज दूसरे दिन विकास खण्ड अमौली की ग्राम पंचायत उदुपुर,विकास खण्ड हथगाँव की ग्राम पंचायत अजतूपुर और विकास खंड ऐराया की ग्राम पंचायत सराय इदरीस और लाडलेपुर में प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन तथा घर-घर जाकर लोगों से संवाद कर विस्तृत सर्वेक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय की टीम ने पाया कि घर-घर नल से जल पहुँचने के कारण ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं के दैनिक जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है। शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति से दूषित जल से होने वाली बीमारियों (जैसे हैजा, टाइफाइड) के मामलों में भारी कमी दर्ज की गई है।ग्रामीणों ने बताया कि पहले उन्हें पानी के लिए दूर-दराज के हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब घर में ही जल उपलब्ध होने से समय और श्रम की बचत हो रही है।टीम ने उदुपुर और अजतूपुर में नवनिर्मित जल टंकियों, पाइपलाइन वितरण नेटवर्क और जल की शुद्धता के मानकों की तकनीकी समीक्षा की। डॉ. अशोक मौर्या के नेतृत्व में टीम ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों और ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। इस दौरान योजनाओं के रख-रखाव और भविष्य में निरंतरता सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। मूल्यांकन टीम में विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डॉ. अशोक मौर्या, मुकेश कुमार कन्नौजिया, अभिजात सिंह, अभिजीत तिवारी और सौरभ सिंह शामिल रहे। मौके पर जिला समन्वयक राजमुनि यादव, सहायक अभियंता आशीष कुशवाहा, संबंधित विकास खण्डों के अवर अभियंता उज्ज्वल कुमार, माबरजा,मोहित कुमार, आईएसए कोऑर्डिनेटर शिवबहादूर सिंह चन्देल, प्रोजेक्ट मैनेजर मो सऊद सिद्दीकी,कंस्ट्रक्शन एजेंसी के प्रतिनिधि अचल सिंह, ग्राम प्रधानगण और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।